वर्ष- 02 अंक- 266

छपरा

13 अगस्त बुधवार 2025

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live



# राहुल बोले- बेजुबान पशु कोई समस्या नहीं, उन्हें हटाना क्रूरता

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- 8 हफ्तों में दिल्ली-एनसीआर के आवारा कुत्तों को शेल्टर होम भेजें

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मंगलवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ये दशकों से चली आ रही मानवीय और साइंटिफिक पॉलिसी से पीछे ले जाने वाला कदम है। ये बेजुबान पशु कोई समस्या नहीं हैं, जिन्हें हटाया जाए।

राहुल ने X पर लिखा, शेल्टर्स, नसबंदी, टीकाकरण और सामुदायिक देखभाल अपनाया जाना चाहिए। इससे बिना क्रूरता के भी डॉग्स को सुरक्षित रखा जा सकता है। पूरी तरह पाबंदी क्रूर-अदूरदर्शी है और हमारी दया-भावना को खत्म करता है। हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जन सुरक्षा और पशु कल्याण दोनों कैसे एक साथ-साथ चलें।

दरअसल, 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर के नगर निकायों को निर्देश दिया है कि आवारा कुत्तों को तुरंत पकड़कर नसबंदी करें और उन्हें स्थायी रूप से शेल्टर होम में रखें। इसके लिए 8 हफ्ते का समय दिया।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कुत्ते सड़कों पर वापस नहीं लौटने चाहिए:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-NCR के सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्ते के भीतर सड़क से हटाने और उन्हें विशेष शेल्टर होम में भेजने के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने हिदायत दी कि ये कुत्ते सड़कों पर वापस नहीं लौटने चाहिए।

उधर, राजस्थान हाई कोर्ट ने भी सोमवार को शहरी सड़कों से आवारा कुत्ते और पशु हटाने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच आवारा कुत्तों के बच्चों पर हमले की खबर पर खुद ही नोटिस लेकर सुनवाई कर रही है।कोर्ट ने इस काम में बाधा डालने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। कोर्ट ने कहा, कोई व्यक्ति या संगठन बाधा बना तो अवमानना की कार्यवाही की जा सकती है। कोर्ट ने पशु एवं कुत्ते प्रेमियों को आड़े हाथों लेते हुए सवाल किया कि क्या वे रेबीज के शिकार बच्चों को वापस ला पाएंगे? बच्चों को किसी भी कीमत पर रेबीज नहीं होना चाहिए। मेनका गांधी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर उठाया सवाल राहुल ही नहीं बल्कि मेनका गांधी ने भी सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश पर सवाल उठाए हैं। मेनका ने भी सोमवार को कहा, दिल्ली में तीन लाख आवारा कुत्ते हैं। उन सभी को पकड़कर शेल्टर होम भिजवाया जाएगा। उनको सड़कों से हटाने के लिए दिल्ली सरकार को 1 हजार या 2 हजार शेल्टर होम बनाने होंगे। क्योंकि ज्यादा कुत्तों को एक साथ नहीं रखा जा सकता। सबसे पहले तो उसके लिए जमीन तलाशनी होगी। इस पर 4-5 करोड़ रुपए के करीब का खर्च आएगा। क्योंकि हर सेंटर में केयरटेकर, खाना बनाने वाले और खिलाने वाले, और चौकीदार की व्यवस्था करनी होगी।

## आवारा कुत्तों को लेकर शीर्ष अदालत का नया आदेश, कहा- सुप्रीम कोर्ट परिसर में बचा हुआ खाना खुले में न फेंके



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को सड़क से हटाकर आश्रय गृहों में भेजने के आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नए निर्देश जारी किए। शीर्ष अदालत ने कहा कि कुत्तों के काटने से बचने के लिए कोर्ट परिसर में बचा हुआ खाना खुले में न फेंकें। निर्देश में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के गलियारों और परिसर की लिफ्ट में आवारा कुत्तों के घूमने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। मंगलवार को शीर्ष अदालत ने निर्देश में कहा कि सभी बचे हुए खाद्य पदार्थों को केवल उचित रूप से ढके हुए कूड़ेदानों में ही फेंका जाना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में भोजन को खुले स्थानों या बिना ढके कंटेनरों में नहीं फेंकना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि जानवरों को भोजन की ओर आकर्षित होने और उसे खाने के लिए इधर-उधर भटकने से रोकने के लिए यह जरूरी है। इससे कुत्तों के काटने का जोखिम काफी कम हो जाता है और स्वच्छता के मानक भी बने रहते हैं। इस निर्देश को लागू करने में आपका सहयोग सभी की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

**सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दिया था :**शीर्ष अदालत ने सोमवार को कहा था कि आवारा कुत्तों के काटने से रेबीज होने की वजह से स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। खासकर छोटे बच्चे इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि समय के साथ कुत्तों के आश्रयों की संख्या बढ़ानी होगी। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने दिल्ली के अधिकारियों को छह से आठ हफ्तो में लगभग 5,000 कुत्तों के आश्रय स्थल बनाने का निर्देश दिया।

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव मंजूर

### स्पीकर ने 3 सदस्यीय कमेटी बनाई



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कैश कांड मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने मंगलवार को महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। स्पीकर ने कहा, मुझे रविशंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता समेत कुल 146 सदस्यों के हस्ताक्षर से प्रस्ताव मिला है। उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को पद से हटाने की मांग है। स्पीकर ने जांच के लिए 3 सदस्यीय कमेटी का ऐलान किया। इसमें सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के 1-1 जज और 1 कानूनविद शामिल हैं। जांच समिति की रिपोर्ट आने तक यह महाभियोग प्रस्ताव लंबित रहेगा।

## त्रिशूर लोकसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में हेरफेर का आरोप

### मंत्री शिवनकुट्टी ने की पुर्नमतदान की मांग

**त्रिशूर,एजेंसी।** केरल के त्रिशूर लोकसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में हेरफेर का आरोप लगा है। इसे लेकर केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने चुनाव आयोग से फिर से चुनाव कराने की मांग की है। त्रिशूर लोकसभा सीट से 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी जीत मिली थी। इस सीट पर भाजपा नेता सुरेश गोपी ने 74,000 से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी। उन्होंने त्रिकोणीय मुकाबले में सीपीआई के वीएस सुनील कुमार और कांग्रेस उम्मीदवार के मुरलीधरन को हराया था।

इस मुद्दे पर वरिष्ठ माकपा नेता शिवनकुट्टी ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले और बाद में निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूचियों में व्यापक हेरफेर के आरोप लगे हैं। भाजपा के भीतर गोपी का विरोध करने वाले भी कह रहे हैं कि मतदाता सूची में 30,000 से 60,000 वोट जोड़े जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अब यह बात सामने आई है कि जिले के कई अपार्टमेंटों में आठ से 15 वोट शामिल थे। शिवनकुट्टी ने कहा कि चुनाव आयोग को त्रिशूर लोकसभा क्षेत्र में दोबारा चुनाव कराना चाहिए।

### वोटर वेरिफिकेशन पर लगातार दूसरे दिन हंगामा

# विपक्षी सांसद मिंता देवी की तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे; दावा- यह 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** संसद के दोनों सदनों में बिहार SIR पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा दोपहर 3 बजे तक और राज्यसभा दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई थी।

इससे पहले प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के सांसद मकर द्वार पर मिंता देवी के नाम और तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे। विपक्ष का दावा है कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं।

विपक्ष के हंगामे के कारण विधेयकों पर चर्चा नहीं हो पा रही है। सोमवार को भी बिना चर्चा के 8 विधेयक बिना बहस के ही पास हो गए। लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, नेशनल एंटी-डोपिंग (संशोधन) बिल, इनकम टैक्स (नंबर 2) बिल और टैक्सेशन लॉ (संशोधन) बिल पास हुआ।




राज्यसभा में गोवा में अनुसूचित जनजातियों के विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्संयोजन से जुड़ा बिल, मर्चेंट शिपिंग बिल, मणिपुर विनियोग बिल और मणिपुर जीएसटी (संशोधन) बिल पास किए गए।

सोमवार को भी विपक्ष के 300 सांसदों ने वोटर वेरिफिकेशन के खिलाफ संसद से चुनाव आयोग के दफ्तर तक मार्च निकाला था। इस दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया। हालांकि 2 घंटे बाद इन्हें छोड़ दिया गया था।

## राहुल बोले- पिक्चर अभी बाकी है,एक नहीं, कई सीटों की वोटर लिस्ट में गड़बड़ी, ये नेशनल किया जा रहा



**नई दिल्लीए,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा, केवल एक सीट नहीं बल्कि बहुत सी सीटें हैं जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है। यह नेशनल लेवल पर सिस्टमेटिकली किया जा रहा है। बिहार की अपडेट हुई वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर मिंता देवी के सवाल पर राहुल ने कहा- हां, मैंने उसके बारे में सुना है। ऐसे एक नहीं, अनलिमिटेड केसेस हैं। पिक्चर अभी बाकी है। राहुल ने कहा- चुनाव आयोग यह जानता है और हम भी जानते हैं। पहले कोई सबूत नहीं था, लेकिन अब हमारे पास सबूत हैं। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। एक व्यक्ति एक वोट संविधान की नींव है। EC का कर्तव्य है कि वो एक व्यक्ति एक वोट को लागू करे, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। हम केवल वोटर वेरिफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के 300 सांसदों ने सोमवार को संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला था। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया था। हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा- यह संविधान बचाने की लड़ाई है।

## भागवत बोले- भगवान से प्रार्थना है मेरा दिमाग ठीक रहे



### ● रैवासा धाम में किया राघवाचार्य की प्रतिमा अनावरण, समारोह में जुटेंगे देशभर के संत

**सीकर,एजेंसी।** सीकर के रैवासा धाम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने संत राघवाचार्य की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने 9 दिवसीय सियपिय मिलन समारोह का शुभारंभ करते हुए राघवाचार्य को भी याद किया। संघ प्रमुख ने कहा कि शक्ति और भक्ति की भूमि पर आज मेरा आना हुआ है। भागवत ने कहा कि... यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। यहां मेरा जिस स्नेह से आपने स्वागत किया है, जो सद्भावना अच्छे शब्दों में प्रकट की है, यह सब देखकर मुझे एक बार फिर मुझे राघवाचार्य महाराज का स्मरण हुआ।

भगवान से प्रार्थना है कि मेरा दिमाग ठीक रहे। संघ प्रमुख ने कहा कि मेरा तो सरसंघ चालक बनने के बाद उनसे संबंध हुआ था। उनसे पहली भेंट में मेरे ध्यान में दो बात आई थी- उनके मन में सबके लिए स्नेह था और सबको आत्मीय भाव से देखते थे। हिंदू धर्म, हिंदू संस्कृति और हिंदू समाज, इन सबके लिए उनके मन में बहुत तड़प थी।

### लॉरेंस गैंग को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग

## कनाडा की पार्टी बोली-देश-विदेश में हिंसा की जिम्मेदारी ली, दक्षिणी एशियाई को टारगेट कर रहा

**जालंधर,एजेंसी।** कनाडा में बढ़ते गैंग अपराध और हिंसक घटनाओं के बीच फिर से लॉरेंस बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग उठी है। कंजरवेटिव पार्टी ने संघीय सरकार से इस गैंग को आतंकी घोषित करने की अपील की है।

उनका कहना है कि यह गैंग पूरे देश में हिंसक अपराध, धमकियां और डर फैलाने वाली घटनाओं में शामिल है, खासकर ब्रिटिश कोलंबिया, अल्बर्टा और



ओंटारियो में दक्षिण एशियाई समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। पार्टी के नेताओं ने सोमवार को सरकार को एक पत्र भेजा, जिसमें बताया गया कि यह गैंग सोशल मीडिया पर खुलेआम कई हमलों की जिम्मेदारी ले चुका है। इनमें हाल ही में सरे के एक कैफे पर हुई गोलीबारी भी शामिल है, जो मशहूर कॉमेडियन और बॉलीवुड अभिनेता कपिल शर्मा का कैफे है। इसके अलावा, यह गैंग जून 2023 में सरे गुरुद्वारा के प्रमुख और खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भी संदिग्ध माना जाता है।

## आतंकी पन्नू की 15 अगस्त पर ट्रेन उड़ाने की धमकी,कहा-दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में न सफर करें ; साथी जश्नप्रीत के एनकाउंटर पर भड़का

**अमृतसर ।**खालिस्तानी समर्थक संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' का आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू अपने साथी जश्नप्रीत सिंह के कथित एनकाउंटर पर भड़क गया है। पन्नू ने एक वीडियो जारी कर दावा किया कि 15 अगस्त को दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में सफर न करें। वीडियो में उसने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को सीधे निशाने पर लेते हुए कहा कि मान सरकार ने खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ 卐पहली गोली卐 चला दी है और 卐गोली का जवाब गोली卐 से दिया जाएगा। पन्नू ने सीएम मान के विदेश दौरे की जानकारी देने वाले को इनाम देने का भी ऐलान किया। उसने जश्नप्रीत को खालिस्तान जनमत संग्रह का कार्यकर्ता बताया और एनकाउंटर को फर्जी व राज्य प्रायोजित आतंक करार देते हुए आरोप लगाया कि यह घटना मुख्यमंत्री मान के आदेश पर हुई और इसका बदला जरूर लिया जाएगा।



# बिहार में 17 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित

### बारिश के कारण उत्तराखंड के देहरादून में स्कूल बंद, केदारनाथ यात्रा 14 अगस्त तक रुकी

**पटना/नई दिल्ली/लखनऊ ,एजेंसी।** बिहार के 12 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। 17 लाख से ज्यादा की आबादी इससे प्रभावित है। सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों में भागलपुर है, यहां की 75 पंचायतों के 4.16 लाख से ज्यादा लोग पीड़ित हैं। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बारिश जारी है। लखनऊ में भी तेज बारिश हुई। विधानसभा परिसर में पानी भर गया। सीएम आवास के पास सड़क पर 2 फीट तक पानी भर गया।उत्तराखंड के देहरादून में तेज बारिश हुई। यहां का एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें तेज बहाव में कई गाय बहती नजर आ रही हैं। आज जिले में कक्षा 1 से 12वीं तक के स्कूल बंद हैं।

वहीं, मालदेवता क्षेत्र में नदी ने आसपास मौजूद मकानों को नुकसान भी पहुंचा। राज्य में 12-14 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट है। इसी वजह से श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए केदारनाथ धाम यात्रा 3 दिन के लिए रोक दी गई है।मंगलवार सुबह से दिल्ली में तेज बारिश हो रही है। इसके कारण कई जगहों पर पानी भर गया है। दो दिन पहले तेज बारिश हुई थी। मौसम खराब होने के कारण 300 से ज्यादा फ्लाइट देरी से उड़ीं।



### उत्तराखंड-असम समेत 6 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट

मौसम विभाग ने मंगलवार को उत्तराखंड, असम समेत 6 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट, हिमाचल-बिहार समेत 3 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और P-MP समेत 16 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

### उत्तराखंड त्रासदी- तबाह धराली फिर से नहीं बसेगा:

# पूरा गांव नई जगह शिफ्ट होगा, 10 साल में 3 आपदा आईं; सरकार बोली- 43 लोग लापता

**देहरादून,एजेंसी।**उत्तरकाशी में बादल फटने के बाद आई आपदा में तबाह हुआ धराली गांव अब दोबारा उस जगह नहीं बसेगा। सोमवार को ष्टरूहाउस में हुई बैठक में यह फैसला हुआ है।

तय हुआ कि धराली गांव सुरक्षित जगह शिफ्ट होगा। नदियों के किनारे और लैंडस्लाइड वाले संवेदनशील क्षेत्रों में कोई भी नया निर्माण नहीं होगा। इस तरह की संवेदनशील जगहों वाले अन्य गांव भी शिफ्ट किए जा सकते हैं। बीते 10 साल में धराली इलाके में तीन आपदाएं आईं। तीन बार गांव तबाह हुआ, लेकिन हर बार स्थानीय लोगों ने वहां नई इमारतें खड़ी कर लीं। फिलहाल



आपदा के 7 दिन बाद भी धराली गांव लाखों टन मलबे में दबा है।

उत्तरकाशी के धराली में 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। खीर गंगा नदी में बाढ़ आने से 34 सेकेंड में धराली गांव जमींदोज हो गया था। सरकार ने सोमवार को बताया कि कुल 43 लोग लापता हैं। इनमें से एक ही शव मिल पाया है।

**धराली में हुए हादसे को इस तस्वीर से समझें:**धराली के विस्थापन के लिए लोगों से बातचीत शुरू अपर सचिव बंशीधर तिवारी ने बताया कि धराली के विस्थापन के लिए स्थानीय लोगों से चर्चा शुरू कर दी है। लोग चाहते हैं कि उन्हें 8 से 12 किमी दूर लंका, कोपांग या जांगला में बसाया जाए।

वहीं, हर्षिल में आई आपदा में सेना का कैंप भी बह गया था। इसलिए नया कैंप लगाने के लिए सेना श्रीखंड पर्वत और आसपास के ग्लेशियरों, झीलों की रेकी करेगी।

## तरैया में 125 यूनिट फ्री बिजली योजना पर जागरूकता कार्यक्रम, मुख्यमंत्री का संदेश लोगों तक पहुंचा

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के चंचलिया पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी 125 यूनिट फ्री बिजली योजना को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्चुअल माध्यम से ग्रामीणों को संबोधित करते हुए योजना की विशेषताओं और लाभों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आमजन को राहत देने के लिए लगातार कदम उठा रही है और यह योजना ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में बिजली उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद साबित होगी। मौके पर अधिकारियों ने योजना से संबंधित सवालों के जवाब दिए और लोगों को समय पर बिल जमा करने व बिजली बचाने की अपील की। कार्यक्रम में तरैया सीडीपीओ सुधा कुमारी, एलएस माला कुमारी, चंचलिया पंचायत की सभी सेविकाएं, बिजली विभाग के जे.ई. पंकज कुमार, जीविका दीदियां, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा गुप्ता और प्रो. अनिल कुमार सिंह समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना समारोह के तहत मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण आयोजित



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मुख्यमंत्री द्वारा बिहार वासियों को 125 यूनिट फ्री में देने को लेकर मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर उपभोक्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का लाइव उपभोक्ताओं से वर्चुअल संवाद किया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ पंकज कुमार, सीओ सुमंत कुमार, प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू, मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह,बीस सूत्री के अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष रामाधार सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक कुमार ने बताया कि यह समारोह मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर, सोनौली के गोढ़ना स्टेडियम, बहरौली पंचायत भवन एवं डुमरसन मेला बाजार में वर्चुअल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मशरक प्रखंड में 31 हजार उपभोक्ता हैं जिसमें 26 हजार उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। मशरक विद्युत विभाग के हायक विद्युत अभियन्ता मनमोहन पाण्डेय और कनिय अभियंता अभिषेक कुमार भी मौजूद रहें।

## 125 यूनिट फ्री बिजली का मुख्यमंत्री लाइव प्रसारण आयोजित

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर(सारण)।** बनियापुर विद्युत् अवर प्रमंडल के बनियापुर ,नगरा जलालपुर लहलादपुर मे 20 पंचायतो मे मुख्यमंत्री की महत्वावकांक्षी कार्यक्रम 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने हेतु आम जन मानस मे व्यापक प्रचार प्रसार के हेतु सभी प्रखंडो मे मुख्यमंत्री द्वारा लाईव प्रसार कैम्प का आयोजन किया गया। जहां बनियापुर के कटसा, कोल्हुआ पैग़म्बरपुर के बलुआ फिल्ड भिट्ठी मरीचा सहित अन्य जगह विद्युत् विभाग के पदाधिकारियो बीडीओ सीओ ,जन प्रतिनिधियों प्रबुद्ध नागरिकों की मौजूदगी मे मुख्यमंत्री का लाईव प्रसारण का श्रवण किया गया,जहा विद्युत् कार्यपालक अभियंता सुधीर कुमार सिंहा ने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं मे बनियापुर एक लाख उपभोक्ताओं मे से 70 हजार हजार उपभोक्ता को इस कार्यक्रम का लाभ मिल पा रहा है।इस कार्यक्रम मे सरकार की मंसा है ज्यादा से ज्यादा लोगो को लाभान्वित करने का है। सही हकदार को वंचित नही किया जाएगा।वही मौके पर बीडीओ रमेन्द्र कुमार सहायक अभियंता अमरजीत कुमार कनीय अभियंता पंकज कुमार सुमन सीओ दीनानाथ कुमार आदि ने शिविर मे उपभोक्ताओं को जागृत किया,मौके पर सभी सभी शिविरो मे उपभोक्ता सहित गणमान्य ने मुख्यमंत्री का लाईव संवाद कार्यक्रम को सुना।

## यूरिया खाद की कालाबाजारी, शिकायत पर जिला के वरीय पदाधिकारियों ने खाद–बीज भंडार का किया जांच

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के पोखरेड़ा बाजार में यूरिया खाद की कालाबाजारी और सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर यूरिया की बिक्री करने की शिकायत और विभिन्न अखबारों में प्रकाशित खबर के बाद जिला के वरीय पदाधिकारियों ने पोखरेड़ा बाजार स्थित सभी खाद-बीज भंडार का जांच किया। इस दौरान किसानों द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर यूरिया खाद बेचने की शिकायत पर वरीय पदाधिकारी ने कुशवाहा बीज भंडार के गोदाम की जांच की तथा अनुज्ञप्तिधारक से पूछताछ कर बीएओ से गहन जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जांच में अगर दोषी पाए जाते हैं तो निश्चित रूप से उनके खिलाफ कारवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने अपनी उपस्थिति में किसानों को कतारबध खड़ाकर अन्य निबंधित खाद-बीज भंडार पर सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य 267 रुपये में यूरिया खाद की बिक्री कराई। मौके पर प्रभारी बीएओ राकेश रंजन, समेत कृषि विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।


## संसद के बाहर विपक्ष ने मींता देवी का फोटो वाली टीशर्ट पहनकर किया विरोध प्रदर्शन

**सिसवन (सिवान)।** प्रखंड के सिसवां कला पंचायत के अरजानीपुर निवासी धनंजय कुमार सिंह की पत्नी मींता देवी की पहली बार वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के दौरान उनकी उम्र 124 वर्ष दिखाई देने के बाद मंगलवार को संसद के बाहर विपक्षी दलों ने मींता देवी का फोटो वाली टीशर्ट पहनकर विरोध प्रदर्शन किया। मींता देवी की जन्मतिथि आधार कार्ड के अनुसार 15 जुलाई 1990 है, लेकिन चुनाव आयोग की वेबसाइट पर मींता देवी की उम्र 15 जुलाई 1900 दिखा रहा था। इस संबंध में बीडीओ राजेश कुमार ने बताया कि बीएलओ एप सही से काम नहीं कर रहा था, इस कारण उनकी उम्र वर्ष 1990 की जगह 1900 दिखाई दे रहा था। जैसे ही इसकी जानकारी मिली उनसे प्रपत्र आठ आनलाइन भरवा कर जमा कर दिया गया है जिसका रेफ्रेंस आइडी एवं इस संबंध में निर्वाचन पदाधिकारी 109 दारौंदा विधानसभा क्षेत्र को ज्ञापांक 707 दिनांक 11 अगस्त 2025 को लिखित रूप में दे दी गई है।

# 1942 : जब मढ़ौड़ा और आसपास के गांवो में धधक उठी आन्दोलन की ज्वाला

**विवेकानंद सिंह।**

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** 08 अगस्त, 1942 को बॉम्बे (अब मुम्बई) में आयोजित ऑल इण्डिया काँग्रेस कमिटी के अधिवेशन में भारत छोड़ो आन्दोलन की घोषणा के बाद जब सभी वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की गिरफ़्तारी हो गई, तब 09 अगस्त की सुबह अरुणा आसफ़ अली (मरणोपरान्त भारतरत्न) ने ग्वालिया टैंक मैदान (अब अगस्त क्रांति मैदान) में तिरंगा फहराकर आन्दोलन का आगाज़ कर दिया। ब्रिटिश हुकूमत इस आन्दोलन को पूरी तरह कुचलने पर आमादा थी, अतः देशभर में गिरफ़्तारी का दौर चल रहा था, इसी क्रम में 12 अगस्त, 1942 की सुबह सारण ज़िला कांग्रेस कमिटी के तत्कालीन अध्यक्ष, सीवान निवासी, महामाया प्रसाद सिन्हा (जो 1967-68 में बिहार के पाँचवें मुख्यमंत्री थे) को पटना रेलवे स्टेशन पर गिरफ़्तार कर लिया गया, आप बॉम्बे अधिवेशन में भाग लेकर लौट रहे थे। इस दौरान भारत के अन्य प्रांतों की भांति बिहार की जनता भी अपने-अपने घरों से करो या मरो, अंग्रेज़ों भारत छोड़ो आदि-इत्यादि नारा लगाते हुए बाहर निकली और स्थानीय रेलवे स्टेशन, पोस्ट एण्ड टेलीग्राफ़-ऑफ़िस, थाना-चौकी के अलावा अन्य सरकारी भवनों पर तोड़-फोड़ और आगजनी करने के बाद उस भवन पर झण्डा फहराकर उसे अपने अधीन करने का प्रयास करने लगी। इस दावानल की तपिश से सारण ज़िला (ब्रिटिश हुकूमत द्वारा अपराधी ज़िला घोषित) भी अछूता न रहा, सीवान, गोपालगंज, महराजगंज सोनपुर, दिघवारा, परसा, गड़खा, बरेजा, नयागाँव, माँझी, अमनौर, तरैया, मशरख, मढ़ौरा आदि के आसपास के तमाम गाँवों में जनान्दोलन की ज्वाला धधक उठी। चूंकि बात मढ़ौड़ा एवम् आसपास के गाँवों की हो रही है, तो आइए!




पुराभिलेखों के अलावा प्रोफ़ेसर बलदेव नारायण की पुस्तक, अगस्त क्रांति, पी. सी. रॉय चौधरी की बिहार डिस्ट्रिक्ट गजेटियर = सारण और एक अन्य पुस्तक, हिस्ट्री ऑफ़ फ्रीडम मूवमेंट इन बिहार, वॉल्यूम ढ्ढढ्ढढ्ढ (1942-1947) में उपलब्ध विवरणों के आधार पर जानते हैं कि उन दिनों मढ़ौड़ा में क्या हुआ था ?

सारण ज़िला मुख्यालय छपरा से लगभग 15 मील (25 कि.मी.) दूर स्थित मढ़ौड़ा (तब मढ़ौड़ा ख़ास, मढ़ौड़ा खुर्द और पकहाँ का सम्मिलित क्षेत्र; लेकिन अब नगर पंचायत मढ़ौरा), जहाँ अंग्रेज़ो द्वारा स्थापित की गई चार फ़ैक्ट्रियाँ थीं - कानपोर शुगर वर्क्स लिमिटेड (चीनी मिल), सारण इंजीनियरिंग वर्क्स लिमिटेड, मढ़ौड़ा डिस्टिलरी (शराब मिल) और सी. सी. ई. मॉर्टन (इण्डिया) लिमिटेड (मिठाई मिल) हुआ करता था, के आसपास के गांवो में आन्दोलन की सुगबुगाहट ने जब ज़ोर पकड़ा तब लोग बाहर निकले और 15 अगस्त को

डिस्ट्रिक्ट बोर्ड, सारण की देखरेख में संचालित हो रहे, मढ़ौड़ा स्कूल (मढ़ौरा स्टेशन रोड पर स्थित), जिसके हेड मास्टर थे- मिर्ज़ापुर निवासी, रामलोचन प्रसाद सिन्हा (जिन्हें 14 अक्टूबर, 1942 को विध्वंसक आन्दोलन के दौरान स्कूल भवन में कांग्रेस पार्टी की बैठक आयोजित करने की अनुमति देने के कारण स्कूल से निलंबित कर दिया गया) के छात्रों ने आम-जन के सहयोग से स्थानीय पोस्ट एण्ड टेलीग्राफ़-ऑफ़िस, मढ़ौड़ा रेलवे स्टेशन तथा मालगोदाम में तोड़-फोड़ करके सभी भवनों को आग के हवाले कर दिया, उन दिनों सारण इन्जीनियरिंग कम्पनी लिमिटेड, मढ़ौड़ा में द्वितीय विश्वयुद्ध में प्रयुक्त होनेवाले बमों के खोल का निर्माण किया जा रहा था। स्थानीय आन्दोलनकारी, जैसे बहुरिया रामस्वरूप देवी, शीतल सिंह, शुकदेवनारायण सिंह महथा, रामलोचन प्रसाद सिन्हा, अमर कुमार पाण्डेय, भीष्म प्रसाद यादव, तारकेश्वर सिंह, गोरख चौबे वैद्य, बोधन प्रसाद श्रीवास्तव, बासुदेव नारायण सिंह, रामचन्द्र राय, सुदिष्ट नारायण सिंह, सूरज सिंह आदि--इत्यादि चाहते थे कि उस फ़ैक्ट्री को तहस-नहस कर दिया जाए। लेकिन इस योजना की ख़बर फ़ैक्ट्री के अधिकारियों को हो गई और उन्होंने अपनी सुरक्षा हेतु छपरा से 15 सिपाही और एक मजिस्ट्रेट को बुला लिया। इसलिए आन्दोलनकारियों ने 16 अगस्त को अमनौर एस्टेट के बाबू हरमाधो प्रसाद सिन्हा की पत्नी, बहुरिया रामस्वरूप देवी (जो आज़ादी के बाद मढ़ौरा विधानसभा से विधायक चुनी गईं और जिन्हें वीरांगना और बिहार की रानी लक्ष्मीबाई कहा जाता है) के नेतृत्व में पहले मढ़ौड़ा रजिस्ट्री-ऑफ़िस और फिर मढ़ौड़ा थाना पर धावा बोल दिया, ताकि सिपाहियों का हथियार अपने अधिकार में किया जा सके, जो सारण इंजीनियरिंग वर्क्स लिमिटेड पर धावा के समय काम आयेगा।

## दरियापुर में सीएम नीतीश ने 125 यूनिट फ्री बिजली को लेकर उपभोक्ताओं से किया संवाद

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** राम जयपाल पल्स टू विद्यालय प्रांगण में मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर बिजली उपभोक्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना से ऑनलाइन जुड़कर दरियापुर समेत विभिन्न पंचायतों के उपभोक्ताओं से सीधे बातचीत की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की बिजली से जुड़ी नई योजनाओं और उपभोक्ता हित में उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि 125 यूनिट तक बिजली उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं को पूर्ण अनुदान पर निशुल्क बिजली दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में बिजली व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए लगातार काम हो रहा है। ट्रांसफार्मर बदलने, लाइन सुधारने और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।कार्यक्रम प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन बेला के अलावा नाथा छपरा पंचायत के सुंदरपुर और अकबरपुर के बिजली विभाग के डिविजन कार्यालय के साथ साथ मानपुरा पंचायत के सरैया गांव में भी आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। मौके पर बिजली विभाग के पदाधिकारियों ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया।दरियापुर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्युत एसडीओ फिरोज अंसारी, कनीय विद्युत अभियंता संजय कुमार रमन, जिला पार्षद गुड्डू सिंह, कार्यक्रम



के नोडल ऑफिसर विनय कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक गोलू चौबे, सुमंत बाबा, मोनू कुमार, मुखिया सुधीर कुमार अकेला उर्फ गुड्डू राम अकबरपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुभाष पांडेय,शरीफ सिद्दीकी सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री की इस घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम गरीब और मध्यमवर्गीय उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत है। वहीं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी बिजली व्यवस्था में सुधार और उपभोक्ता हित में चल रही योजनाओं की सराहना की।

## केन्द्रीय संचार मंत्री से मिला भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का शिष्टमंडल

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का एक शिष्टमंडल महाराजगंज के माननीय सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल के नेतृत्व में न ई दिल्ली स्थित संचार मंत्रालय में भारत के संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिला। इस आशय की जानकारी देते हुए संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व जलालपुर किशुनपुर निवासी राजेश्वर कुंवर ने कहा कि संघ ने ग्रामीण डाक सेवकों को विभाग के मूलभूत सुविधाओं से वंचित करने का मामला उठाया गया। ग्रामीण डाक सेवकों से चार घंटे से अधिक सेवा लेने, दूर दराज से कर्मचारियों को मीटिंग में बुलाने तथा टी ए डी ए सहित कोई भी सुविधा नहीं देने, डाक सेवकों को चिकित्सा भत्ता देने, आठवें वेतन आयोग में सम्मिलित करने, शाखा डाकघरों, एक उप डाकघरों की नकदी सीमा बढ़ाए जाने, आई पी पी बी के कार्य को ड्यूटी में



शामिल करने, टारगेट के नाम पर अधिकारियों द्वारा डाक सेवकों को परेशान करने आदि कई ज्वलंत समस्याओं को रखा गया और मंत्री जी ने सारी बिन्दुओं पर साकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण डाक सेवकों को मैं अपने परिवार का सदस्य मानता हूँ तथा उन्हें हर सुविधा देने का प्रयास करुंगा। महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल जी ने जलालपुर, एवं परसागढ़ उप डाकघर के लिए डाक विभाग की जमीन पर नये भवन निर्माण के लिए आग्रह किया तथा ग्रामीण डाक सेवकों को डाकघर की रीढ़ बताते हुए उन्हें अत्यधिक सुविधा देने की बात कही। संचार मंत्री के साथ संघ की बैठक सांसद जी के सौजन्य से काफी सौहार्दपूर्ण रही। बैठक में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश्वर कुंवर, महासचिव दिनेश धर दूबे, सहायक महासचिव रामानंद तिवारी एवं पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सुगन्धी कुमार मिश्र उपस्थित थे।



## मशरक के सोनौली में सड़क जर्जर, ग्रामीणों में आक्रोश



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सोनौली गांव में आने वाली मुख्य सड़क आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। सड़क पर इतने गहरे गड्ढे हो चुके हैं कि पैदल चलना भी दूभर है। वाहनों के लिए यह सफर किसी खतरे से खाली नहीं। आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा लगा आक्रोश जाहिर किया। जर्जर सड़क के किनारे नाला निर्माण नहीं होने से बरसात के दिनों में सड़क पर ठेहुना भर पानी लग जाता है। ग्रामीणों में सबकत ईमाम खान, वकील खान, फरहान खान, रेहान खान, गोल्डी खान, जावेद अंसारी, फ़करूदीन अंसारी, नेहाल अंसारी, मनीर अंसारी समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि विधायक और सांसद तक गुहार लगाई, लेकिन आज तक कोई सुनने वाला नहीं है। चुनाव के समय सब वादे करते हैं, बाद में कोई नहीं देखता।

## पिकअप और बाइक की आमने सामने की टक्कड़ में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर (सारण)।** एनएच 331 पर पिकअप और बाइक की आमने सामने की टक्कड़ में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। दोनो मृत युवक इसुआपुर थानाक्षेत्र के बताए जाते हैं। एक अचितपुर निवासी रामनाथ सिंह का 30 वर्षीय पुत्र अनूप कुमार सिंह है। जो मोबाइल कम्पनी में डिस्ट्रीब्यूटर का काम करता था। दूसरा इसुआपुर निवासी पवन कुमार सिंह का 27 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार बताया जाता है। दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर सोमवार की देर शाम अपने घर लौट रहे थे। तभी मेलाक्षेत्र के निकट तेज गति से आ रहे अनियंत्रित पिकअप की चपेत में आ गए। घटना के बाद दोनों युवक सड़क पर गिर तड़पने लगे। जख्मी व लहूलुहान हालात में स्थानीय लोगों की मदद से दोनों युवकों को रेफ़रल अस्पताल बनियापुर लाया गया। जहां पहुंचने के पूर्व ही प्रथम युवक अनूप की मौत हो गयी। दूसरे युवक को गम्भीर स्थिति में रेफ़रल अस्पताल छपरा रेफर किया गया था। परिजनों के अनुसार दूसरे युवक मुकेश का उपचार के दौरान देर रात को सदर अस्पताल में मौत हो गयी। दुर्घटना में दोनों युवकों के सिर में काफी चोट आई थी।

## सड़क दुघर्टना में साइकिल सवार वृद्ध घायल, छपरा रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बेन छपरा गांव में तेज रफ्तार बाइक सवार की चपेट में आने से साइकिल सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बहरौली गांव निवासी स्व तैयब अंसारी का 75 वर्षीय पुत्र कासिद अली हैं। परिजनों ने बताया कि वह घड़ी मरम्मत करने का कार्य करते हुए उसी कार्य में मशरक दुकान जा रहें थे कि पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराए गए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

## शौच करने गए युवक की डूबने से मौत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत के नवादा गांव में शौच के लिए गये युवक की जेसीबी मशीन से खोदे गए गड्ढे भरें पानी में जानें के दौरान पैर फिसलने से गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान नवादा गांव निवासी पवन कुमार राय का 21 वर्षीय पुत्र सुंदरम कुमार के रूप में हुई। मौके पर परिजनों के द्वारा सीएचसी मशरक लाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया जहां पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। मृतक अविवाहित और दो भाई और तीन बहनों में छोटा था। परिजनों ने बताया कि शौच के दौरान पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया जहां डूबने से मौत हो गई।

## अंग्रेजी शराब की बोतलें बरामद

**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** थाना क्षेत्र के बघाकोल गांव के समीप से एक स्कूटी सवार दो युवकों को तलासी ली गयी । तलासी के दरम्यान दोनों युवकों के पास से दर्जनों अंग्रेजी शराब की बोतल बरामद की गई । इस संबंध में अपर थाना अध्यक्ष रामनिवासी कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के तहत एक स्कूटी पर दो युवक सवार थे । संदेह के आधार पर उनका तलासी ली गयी जहाँ उनके पास से दर्जनों विस्की की बोतलें बरामद की गई । दोनों युवक अमनौर थाना क्षेत्र निवासी हैं जिन्हें पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है । पूछताछ के क्रम में उनलोगों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है ,साथ ही पुलिस ने सुसंगत धारा लगाते हुए जेल भेज दिया है।

## कार में मारी ठोकर, पूछताछ करने पर दम्पति को पीटा

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के दयालपुर में एक कर में थार वाहन के चालक ने ठोकर मार दी। कार में सवार दम्पति ने जब थार पर सवार चालक और अन्य से पूछताछ की तो सभी ने मिलकर दंपति के साथ मारपीट किया। घटना को लेकर मढ़ौरा खुर्द निवासी मिथिलेश कुमार ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में कहा है कि वह अपनी कर से संध्या में छपरा से घर लौट रहा था।? इसी दौरान दयालपुर नहर के पास पश्चिम दिशा से आ रही एक महिंद्रा थार ने उनकी कार में ठोकर मार दिया। इस पर जब उसने पूछताछ की तो थार के चालक और उसके मालिक ने हॉकी स्टिक से पहले उसके कार पर हमला कर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। बाद में उसे और उसकी पत्नी पर पर भी हाकी स्टिक से हमला कर जख्मी कर दिया। मामले में पीड़ित ने थार के मालिक बहुआरापट्टी निवासी रंजन राज को आरोपित किया है। पुलिस मामले की जांच शुरु कर दी है।

## मुकुंदपुर में पूजा कर लौट रही महिला से दिनदहाड़े चेन व जीउतिया की छिनतई, महिलाओं में दहशत

### पूर्व के मामलों में पुलिस के हाथ खाली, उचक्कों के हौसले बुलंद

**दैनिक खोज खबर/एकमा(सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव में लगभग सुबह 6 बजे दिनदहाड़े हुई चेन छिनतई की वारदात ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। सफेद बाइक पर सवार दो उचक्कों ने पूजा कर लौट रही महिला को पहले रास्ता पूछने व शादी के लिए लड़का ढूंढने का बहाना कर बातचीत में उलझाया, फिर गले से सोने की चेन व जीउतिया झपटकर फरार हो गए। पीड़िता द्वारा उक्त आभूषणों की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये बताई गई है।बताया गया है कि रविवार की सुबह मुकुंदपुर गांव निवासी पीड़िता मंजू देवी रोज की तरह पूजा के लिए फूल तोड़कर घर लौट रही थीं। घर के द्वार से कुछ ही दूरी पर बाइक सवार पहुंचे और देखते ही देखते वारदात को अंजाम देकर भाग निकले।घटना की जानकारी मिलते ही मंजू देवी और उनके पुत्र ने एकमा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि अचानक हुई इस घटना से उनकी गली-मोहल्ले की महिलाएं भी सहमी हुई हैं।वहीं क्षेत्रीय लोगों के अनुसार इस तरह की घटनाएं एकमा व आसपास के इलाकों में लगातार हो रही हैं, लेकिन अब तक किसी भी गिरोह का पुलिस के पास सुराग नहीं है। महिलाओं में बढ़ती असुरक्षा के कारण अब वे जेवर पहनकर बाहर निकलने से कतराने लगी हैं।मामले में एकमा थाना पुलिस का कहना है कि पीड़िता के बयान पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों की तलाश में पुलिस टीम छापेमारी कर रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर आभूषण बरामद करने का प्रयास किया जाएगा।

**महिलाओं में बढ़ा डर, जेवर पहनकर निकलने से कर रहीं परहेज-** बताया गया है कि लगातार हो रही चेन छिनतई की घटनाओं से इलाके की महिलाएं दहशत में हैं। कई महिलाएं अब घर से निकलते समय सोने-चांदी के जेवर पहनने से बच रही हैं। उनका कहना है कि उचक्कों के हौसले बुलंद हैं और कभी भी वे वारदात को अंजाम दे सकते हैं।

# एसएस पब्लिक स्कूल उसरी में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** सावन मास के समाप्ति पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एसएस पब्लिक स्कूल उसरी में मंगलवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा छः, सात, आठ, नौवीं और 10वीं की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी छात्राओं में ब्यूटी, करिश्मा, अंजली, गुड़िया, कोमल, रानी, प्रीति, नंदनी, मुस्कान, अमृता, खुश्बू, सुमन, रेणु आदि ने अपने साथियों के हाथों पर आकर्षक और मनमोहक डिजाइन की मेहंदी लगाई। विद्यालय की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को विशेष पुरस्कार तथा शेष प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में सृजनात्मकता और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति रुचि बढ़ाना था। मौका पर प्राचार्य नीरज कुमार सिंह, शिक्षक चंद्र भूषण तिवारी, राजेश सिंह, रंजीत पंडित, अमित कुमार सिंह, विकास सिंह, सोनू कुमार, इशरत जहां, रीना कुमारी, प्रिया कुमारी, समेत अन्य शिक्षक उपस्थित थे।



# परसा में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा


**दैनिक खोज खबर/छपरा।** परसा विधानसभा में भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा के क्रम में परसा बाजार स्थित दरोगा राय के स्मारक पर माल्यार्पण किया गया । तिरंगा यात्रा तुला ब्राह्म से शरू होकर परसा दारोगा राय चौक तक निकली। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान को सफल बनाने के लिए हम सब संकल्प लें कि 13 से 15 अगस्त तक अपने-अपने घर पर गर्व और सम्मान के साथ तिरंगा फहराएं, ताकि आज़ादी के अमृतकाल में राष्ट्रप्रेम की यह भावना और अधिक प्रबल हो।आप सभी को उत्साह, प्रेम,उमंग और सहयोग के लिए सहृदय से आभार प्रकट किया ।इस



अवसर पर भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम वर्मा युवा मोर्चा सारण प्रभारी वरुण सिंह मंडल सयोजक मोनू सिंह युवा मोर्चा सुमंत बाबा प्रियांशु कुमार मनु सिंह मंडल अध्यक्ष अजय नाथ पूरी विस्तारक राज विद्यार्थी महामंत्री संतोष शर्मा सुनील गुप्ता शैलेश गिरी गुड्डू सिंह उमेश महतो अनमोल पाठक सनोज कुमार छोटे बाबू मुन्ना सिंह लोकानाथ ठाकुर रविंद्र महतो सिट्टू सिंह आशु कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# परसा थाना के निवर्तमान थानाध्यक्ष सुनील कुमार को दी गयी विदाई

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** परसा थाना परिसर में निवर्तमान थानाध्यक्ष सुनील कुमार को नगर अध्यक्ष ऐशा खातून,सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह,प्रमुख प्रतिनिधि सोनू सिंह,उप प्रमुख प्रतिनिधि रघु राय,शैलेश राय, नगर कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार,बीडीओ राकेश कुमार,सीओ अनुज कुमार के अलावे पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति भावभीनी विदाई समारोह पूर्वक की गयी । थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने जनप्रतिनिधियो व पदाधिकारियों के बीच केक काटकर अपना जन्मदिन भी मनाया। जहा पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि सहित सभी लोगो ने बधाइयां दी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने ने कहा कि ट्रांसफर और पोस्टिंग की प्रक्रिया प्रशासनिक विभाग द्वारा होता ही रहता है,उन्होंने कहा कि निवर्तमान थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने अपनी क्षमता का सदुपयोग बेहद ही कुशलता पूर्वक किया। नगर अध्यक्ष ऐशा खातून ने कहा कि थानाध्यक्ष सुनील कुमार के अंदर बेहतर पुलिसिंग का भरपूर अनुभव था और परसा जैसे विवादित क्षेत्रों में उन्होंने पुलिस-पब्लिक के बीच बेहतर संबंध कायम रखा। जिलाध्यक्ष विनोद राय ने नए थानाध्यक्ष सुनील कुमार के बारे में कहा कि वे एक बेहतर थानाध्यक्ष साबित होंगे और इसमें पुलिस-पब्लिक दोनो एक दूसरे को सहयोग करेंगे ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे। वही निवर्तमान थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने भावुक होकर कहा कि अपने कार्यकाल में परसा के लोगो ने मुझे बहुत स्नेह एवं प्यार दिया। इसके पूर्व नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मो करमुल्लाह,प्रमुख प्रतिनिधि सोनू सिंह,संजय सिंह, शैलेश राय,रघु राय,राजू राय,पूर्व नगर वार्ड पार्षद अशोक कुमार चैनजी,शिव कुमार सिंह,जिलापार्षद विनोद राय, पूर्व मुखिया प्रभात दुबे,संजय कुमार साह कृष्णा साह, देवा राय, पप्पू कुमार राय,अजीत कुमार दास सहित दर्जनों लोगों ने फूलमाला व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सुनील कुमार ने शराब व्यवसायी व आपराधिक घटनाओं पर नकेल कसने के साथ ही काफी संख्या में दारू माफिया व अन्य अपराधियों का जेल भेजा।समाज के हर वर्ग के लोगो के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य करते थे ।



## मेगा टिंकरिंग डे में डान बास्को के बच्चों ने रचा इतिहास

**सिवान।** एटीएल इनोवेशन मिशन के अंतर्गत आनलाइन आयोजित हुए मेगा टिंकरिंग डे में डान बास्को हाई स्कूल के बच्चों ने डीआइवाइ वैक्यूम क्लीनर प्रोटोटाइप सफलतापूर्वक तैयार किया। इस कार्यक्रम में देशभर के 100 विद्यालयों ने भाग लिया, इसमें सिवान से एकमात्र डान बास्को हाई स्कूल ने प्रतिनिधित्व किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के 40 विद्यार्थियों ने चार टीमों में मिलकर क्लीन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत डीआइवाइ वैक्यूम क्लीनर प्रोटोटाइप सफलतापूर्वक तैयार किया। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर डा. कोशी वैद्यन, चेयरमैन थामस कोशी, प्रिंसिपल डा. प्रियंका पायल, वाइस प्रिंसिपल दीपक वर्मा, एटीएल कोआर्डिनेटर उज्ज्वल मिश्रा तथा टेक्निकल सपोर्ट असिफ रजा उपस्थित रहे। चेयरमैन ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के नवाचार, रचनात्मकता और तकनीकी उत्कृष्टता के प्रति समर्पण को दर्शाती है।

## डा. विपुल प्रकाश बने चीफ मेडिकल आफिसर

**दैनिक खोज खबर /सिवान।** दारौंदा प्रखंड के चिंतामनपुर स्थित ममता मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल में डा. विपुल प्रकाश सिंह को लंबे अनुभव एवं विशेष प्रशिक्षण के आधार पर चीफ मेडिकल आफिसर नियुक्त किया गया है। डा. विपुल एक अर्थोपेडिक सर्जन हैं जिन्हें ट्रामा एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट में विशेषज्ञता प्राप्त है। अभी तक के कैरियर में इन्होंने करीब 10 हजार फैक्चर केसेज रोगियों को अपनी सेवा दी है। पूर्व में फोर्टिस हास्पिटल नई दिल्ली में कार्य कर चुके हैं। इन्होंने केएमसीएच चेन्नई से आर्टिफिशियल लिंब, हैंड सर्जरी के क्षेत्र में कार्य किया है तथा पीडियाट्रिक आर्थो सर्जरी के क्षेत्र में ÷चाइल्ड हास्पिटल, चेन्नई÷ में भी अपनी सेवा दी है। ये मोदी हास्पिटल न्यू दिल्ली के चीफ मेडिकल आफिसर भी रह चुके हैं। इनकी योग्यता एवं अनुभव को ध्यान में रखते हुए दारौंदा के चिंतामनपुर स्थित ममता मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल में चीफ आपरेटिंग आफिसर-सह-चिकित्सा विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया है। ये प्रतिदिन रोगियों की सेवा हेतु उपलब्ध रहेंगे। ममता मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल की अधीक्षक डा. अलका सिंह जो स्वयं प्रख्यात शिशु रोग विशेषज्ञ है तथा पूर्व में नालंदा मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल पटना में शिशु रोग विभाग की विभागाध्यक्ष एवं नालंदा मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल की सुपरिटेंडेंट रह चुकी हैं ने एक अनुभवी चिकित्सक को ममता मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल में अपने साथ कार्य करने हेतु शामिल होने पर डा. विपुल को स्वागत करते हुए शुभकामना दी।

## अभाविप ने किया सदस्यता अभियान पोस्टर का विमोचन

**सिवान-** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) सिवान इकाई ने मंगलवार को महादेवा स्थित वीएमएचई हाई स्कूल सह राजकीय इंटर कालेज में सदस्यता अभियान का पोस्टर विमोचन किया। इस अवसर पर अभाविप के प्रांत सह मंत्री एवं प्रांत सदस्यता सह प्रमुख मनोज कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पोस्टर का अनावरण करते हुए मनोज गुप्ता ने कहा कि अभाविप विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो शिक्षा, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य करता है। उन्होंने छात्रों को संगठन से जुड़ने और सदस्यता लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मौके पर कई छात्र मौजूद रहे एवं सदस्यता ग्रहण करने की बात कि। शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में जागरूकता और नेतृत्व क्षमता बढ़ाते हैं। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य पवन, नगर मंत्री गोलू दुबे, सोशल मीडिया प्रमुख हर्ष राज, सोनू, अभिज्ञान कुमार, मोनू, आशीष कुमार, आदि मौजूद रहें। अभाविप सिवान इकाई का यह सदस्यता अभियान जिले के अन्य स्कूलों और कालेजों में भी जारी रहेगा।

## महाराजगंज में तिरंगा यात्रा की तैयारी पूरी,

महाराजगंज (सिवान)।आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस को लेकर देश भर में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसके तहत बुधवार को महाराजगंज में भी तिरंगा यात्रा की तैयारी पूरी कर ली गई है। महाराजगंज नगर पंचायत में तिरंगा यात्रा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के नेतृत्व में निकाली जाएगी। इसको लेकर मंगलवार को भाजपा युवा मोर्चा पूर्वी के जिलाध्यक्ष मनीष सिंह के मोहन बाजार स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में तिरंगा यात्रा की रूट चार्ट तय किया गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि तिरंगा यात्रा शहर के आरबीजीआर महाविद्यालय से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गों भ्रमण करेगी। बैठक भाजपा पूर्वी के जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद,नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह, जितेन्द्र सिंह दिलीप कुमार सिंह,संजय सिंह राजपुत,विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

## एयर पाइप हटाने को लेकर मारपीट

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के राजेंद्र पद स्थित पेट्रोल पंप पर मंगलवार को एयर पाइप हटाने को लेकर मारपीट हो गई। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के सिसई गांव निवासी ओसिहर के रूप में हुई । घायलों में एक और एक अन्य शामिल है। घटना के संबंध में घायल ने बताया कि मैं अतुल बिहार बस का कंडक्टर हूं। बस आगे बढ़ावा रहा था तभी रोड पर ही एयर पाइप रखा हुआ था। जहां मैंने दुकानदार को बोला कि एयर पाइप हटा ले, इस पर वह आक्रोशित हो गया और गाली गलौज करने लगा। जिसका मैंने विरोध किया तो मुझे मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान वह भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आई जहां इलाज कराया गया।

## प्रेमी युगल ने महावीर मंदिर में रचाई शादी

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर परिसर में मंगलवार को एक प्रेमी युगल ने परिवार की रजामंदी से शादी रचा ली। बताते हैं कि दारौंदा निवासी शिनोद महतो के पुत्र बिट्टू कुमार महतो और पूर्वी हड़सर निवासी नवल किशोर महतो की पुत्री किरण कुमारी के बीच पिछले कुछ समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों ने एक-दूसरे के साथ जीवन बिताने और साथ जीने-मरने की कसम खा ली थीं। करीब एक सप्ताह पूर्व दोनों घर से फरार हो गए थे। इस पर प्रेमिका के स्वजनों ने घटना की सूचना थाना को दी। पुलिस के दबाव में दोनों वापस घर लौट आए। बाद में आपसी बातचीत और समझौते के बाद दोनों परिवारों के सदस्यों ने शादी के लिए सहमति दे दी। मंगलवार को हनुमान मंदिर में विधि-विधान से विवाह संपन्न हुआ। शादी के बाद नवविवाहितों ने माता-पिता का आशीर्वाद लिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि यह मामला आपसी सहमति से सुलझा लिया गया है और दोनों पक्ष अब संतुष्ट है।

## दहेज में पांच लाख रुपये मांगने एवं मारपीट करने आरोप

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के पिनर्थु कला गांव में दहेज उत्पीड़न और मारपीट के मामले में एक महिला ने पति, ससुर और देवर समेत सात लोगों के विरुद्ध दहेज में पांच लाख रुपये मांगने एवं मारपीट करने का आरोप लगा प्राथमिकी कराई है। पिनर्थु कला निवासी सुनील कुमार मांझी की पत्नी रानी देवी ने आरोप लगाया कि उसकी शादी 21 मई 2023 को हुई थी। कुछ दिनों बाद ससुराल पक्ष के लोग दहेज में पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। राशि की मांग पूरी नहीं होने पर उसे एवं पिता के साथ मारपीट कर घायल कर दिए तथ उनका मोबाइल तोड़ दिया गया और गहने व कपड़े छीन लिए गए। रानी देवी का कहना है कि 21 नवंबर 2024 को ससुराल वालों ने उसे घर से निकाल दिया था। इस घटना में पति सुनील कुमार मांझी, ससुर धर्मेंद्र मांझी सहित सात लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम-

# दो दिवसीय दौरे पर आई केंद्रीय टीम ने भगवानपुर हाट और मैरवा प्रखंड के कई गांव का किया भ्रमण



**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जिले के भगवानपुर हाट और मैरवा प्रखंड के आधा दर्जन से अधिक गांवों में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनसीवीबीडीसी) के अंतर्गत आईआरएस (इनडोर रेसिडुअल स्प्रे) एवं कालाजार उन्मूलन से जुड़ी गतिविधियों की निगरानी के लिए विशेष टीम ने निरीक्षण किया। इस टीम में नामित किट विज्ञानी सलाहकार डॉ. जितेंद्र कुमार, मलेरिया निरीक्षक अनिल नेगी और राज कुमार शामिल थे। इस संबंध में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी (डीवीबीडीसीओ) डॉ ओम प्रकाश लाल ने बताया कि दो दिवसीय दौरे पर आई केंद्रीय टीम द्वारा आईआरएस के प्रभावी क्रियान्वयन, छिड़काव की गुणवत्ता, लक्षित घरों के कवरेज तथा छिड़काव में उपयोग हो रही सामग्री की जांच की गई। साथ ही कालाजार रोग की रोकथाम और नियंत्रण से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का भी आकलन किया है। हालांकि निरीक्षण के दौरान टीम ने कालजार मरीज और उबर चुके ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें कालाजार के लक्षण, समय पर जांच और उपचार के महत्व के बारे में जागरूक किया गया है। निरीक्षण में यह भी सुनिश्चित किया गया कि सभी गतिविधियां निर्धारित मानकों के अनुसार पूरी की जा रही हैं, ताकि जिले में कालाजार उन्मूलन के लक्ष्य को समय पर प्राप्त किया जा सके। क्योंकि नियमित रूप से निरीक्षण वेक्टर जनित रोगों के नियंत्रण में कारगर साबित हो रहा है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से आगे भी इसे जारी रखने का संकल्प लिया गया है।

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सलाहकार (डीवीबीडीसी) नीरज कुमार सिंह ने बताया कि जिले के भगवानपुर हाट प्रखंड अंतर्गत साघर सुल्तानपुर, मधरी और खेढवा गांव और में दिल्ली से आई टीम ने शामिल अधिकारियों द्वारा एसपी कीटनाशक छिड़काव की गुणवत्ता, कालाजार मरीजों का फ़ॉलोअप के अलावा फाइलेरिया और कालाज़ार से संबंधित अभिलेख और दवा का भंडारण को विस्तृत रूप से जांच किया गया है। इस अवसर पर भगवानपुर हाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के एमओआईसी डॉ विजय कुमार, वीडीसीओ विकास कुमार, बीएचएम अलाउद्दीन, बीसीएम अनूप कुमार, वीबीडीएस जावेद मियांदाद, पीरामल स्वास्थ्य के कार्यक्रम प्रमुख राजेश कुमार तिवारी, पीओसीडी सोनू कुमार सिंह, और डीवीबीडीसी कार्यालय के उपेन्द्र कुमार सिंह मौजूद रहे। जबकि दूसरे दिन मैरवा प्रखंड के सिरसिया और सेमरा गांव में केंद्रीय टीम द्वारा संयुक्त रूप से उक्त गांव में आईआरएस और कालाजार से जुड़ी विभिन्न प्रकार के गतिविधियों की निगरानी के लिए भ्रमण किया गया है। इस अवसर पर एमओआईसी डॉ रवि प्रकाश, वीडीसीओ विकास कुमार, वीबीडीएस ब्यूटी दास, पीरामल स्वास्थ्य के कार्यक्रम प्रमुख राजेश कुमार तिवारी और पीओसीडी अमितेश कुमार सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी शामिल थे।

## मांगों को ले आशा व आशा फैसिलेटर संघ ने निकाला मार्च, सीएस के समक्ष किया प्रदर्शन

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** शहर के गांधी मैदान से मंगलवार को बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले बिहार राज्य आशा व आशा फैसिलेटर संघ आक्रोषपूर्ण निकाल सिविल कार्यालय पहुंचा तथा सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। रैली व प्रदर्शन का नेतृत्व वैक्सीन कुरियर संघर्ष समिति के राज्यमंत्री विजय सिंह ने किया। उन्होंने आशा एवं आशा फैसिलेटर की पारितोषिक राशि में बढ़ोत्तरी के लिए बिहार सरकार को धन्यवाद देते हुए पारितोषिक के बजाए सात सितंबर 2023 से मानदेय का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही पूर्व में घोषित एक हजार रुपये पारितोषिक राशि का भुगतान आशा के खाते में सीधे करने तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 23-24 एवं 24-25 के बकाए राशि का भुगतान शीघ्र खाते में भेजवाने की व्यवस्था करने की मांग की है। साथ ही आशा को सरकारी सेवक घोषित करने, आशा एवं आशा फैसिलेटर कार्यकर्ताओं की बढ़ी हुई दो हजार रुपये राशि का भुगतान प्रोत्साहन राशि के बजाए मानदेय के रूप में करने, आशा एवं आशा फैसिलेटर की सेवानिवृत्ति की आयु आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका की तरह 65 वर्ष करने हुए उनकी सेवानिवृत्ति का लाभ 10 लाख रुपये एवं पेंशन की राशि 10 हजार रुपये प्रतिमाह भुगतान करने की मांग की है। साथ ही न्यूनतम वैधानिक मजदूरी 26 हजार, राज्य सरकार द्वारा एक हजार देय प्रोत्साहन राशि का भुगतान पटना के फतुहा के आशा एवं आशा फैसिलेटर का अविलंब कराते हुए भुगतान में अड़ंगा लगाने वाली वीसीएम पर उचित कार्रवाई करने आदि मांग की गई। इस मौके पर सुनीता देवी, लालसा देवी, नयन तारा देवी, सरोज देवी, मालती देवी आदि शामिल थीं।

### विधायक व जिलाध्यक्ष ने दिखाई तिरंगा यात्रा को हरी झंडी

**दारौंदा (सिवान)।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति की भावना को सशक्त करते हुए मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित आइटी भवन परिसर से एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा को विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह और भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की। तिरंगा यात्रा प्रखंड मुख्यालय से आरंभ होकर दारौंदा बाजार, पिपरा, नंदू टोला, बगौरा बाजार, पकड़ी बाजार होते हुए हसनपुरा बाजार तक पहुंची। पूरे मार्ग को राष्ट्रीय ध्वजों से सजाया गया था और देशभक्ति के नारों से माहौल गूंज उठा। यात्रा में स्थानीय लोगों, युवाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं की भारी भागीदारी रही। विधायक ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, देशप्रेम और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना था। यात्रा के दौरान युवा तिरंगा लहराते हुए ÷भारत माता की जय÷ और ÷वंदे मातरम्÷ जैसे नारे लगा रहे थे, जिससे पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया। तिरंगा यात्रा में मुखिया रामकृष्ण सिंह, उमेश सिंह, मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, अरुण भारती सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में देश के प्रति जिम्मेदारी और जागरुकता बढ़ाते हैं।

## सीवान के 18 थानों में नए थानाध्यक्ष, कई नए तो कई पुराने



**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले के 18 थानों का नए थानाध्यक्षों की नियुक्ति से संबंधित पत्र एसपी मनोज कुमार तिवारी ने जारी कर दिया है। एसपी ने पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार सिंह को बसंतपुर थाना से थानाध्यक्ष बसंतपुर बनाया गया है। जबकि पुअनि मोहन कुमार निराला को जामो बाजार थाना से थानाध्यक्ष जामो बाजार, पुअनि मनीष कुमार को गोरेयाकोठी थाना से थानाध्यक्ष गोरेयाकोठी, पुअनि विकास कुमार बिट्टू को सराय थाना से थानाध्यक्ष सराय, पुअनि विनित विनायक हुसैनगंज थाना से थानाध्यक्ष महादेवा, पुअनि अमित कुमार राम पुलिस केंद्र से थानाध्यक्ष अनु जाति/अनु जनजाति, पुअनि सुनिल कुमार महाराजगंज थाना को थानाध्यक्ष महाराजगंज, पुअनि आशुतोष कुमार सिंह पुलिस केंद्र को थानाध्यक्ष भगवानपुर हाट, पुअनि टुनटुन कुमार पुलिस केंद्र को थानाध्यक्ष सिसवन, पुअनि विजय रंजन कुमार पुलिस केंद्र थानाध्यक्ष चैनपुर, पुअनि जीत मोहन कुमार पुलिस केंद्र को थानाध्यक्ष जीबी नगर, पुअनि अविनाश कुमार झा पुलिस केंद्र को थानाध्यक्ष दरौली, पुअनि शशिरंजन पुलिस केंद्र को थानाध्यक्ष नौतन, पुअनि रंजीत कुमार साह प्रभारी डाटा सेंटर गोपनीय कार्यालय सिवान को थानाध्यक्ष असांव, पुअनि दिनेश कुमार पांडेय असांव थाना को थानाध्यक्ष धनौती, पुअनि मनीष कुमार हुसैनगंज थाना को थानाध्यक्ष गुठनी, पुअनि राजेश कुमार भगवानपुर हाट थाना को थानाध्यक्ष जीरादेई, पुअनि सोनी कुमारी थानाध्यक्ष जीरादेई को थानाध्यक्ष महिला बनाया गया है।

## सीवान : सीएम ने किया विद्युत उपभोक्ताओं के साथ संवाद

**परवेज अख्तर/सीवान।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को विद्युत उपभोक्ता संवाद कार्यक्रम के माध्यम से जिले के सभी उपभोक्ताओं से सीधा संवाद किया। शहर के टाउन हाल सहित जिले में 73 चिह्नित स्थलों में उपभोक्ताओं के लिए संवाद कार्यक्रम में शामिल होने की व्यवस्था की थी। कार्यक्रम के दौरान टाउन हाल में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश व उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने निर्धारित समय 11 बजे से वर्चुअल माध्यम से उपभोक्ताओं से जड़ गए। लोगों की भीड़ से शहर का टाउन हाल खचाखच भरा हुआ था। इसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्यमंत्री के वर्चुअल संवाद से महिलाएं काफी उत्साहित भी दिखीं। मुख्यमंत्री की आवाज सुनते ही महिलाओं के चेहरे खिल उठे। इस दौरान उन्होंने बताया कि 125 यूनिट निःशुल्क बिजली देने के बाद सरकार कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के घर-घर मुफ्त सोलर पैनल लगाएगी। उन्होंने कहा कि अगर किसी उपभोक्ता को सोलर लगवाने की इच्छा है तो सरकार यह काम कराएगी। उन्हें कुछ नहीं करना होगा। डीएम ने बताया कि इस योजना के तहत प्रत्येक घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 125 यूनिट तक बिजली पूरी तरह मुफ्त मिलेगी। जिसमें ऊर्जा शुल्क, फिक्सड चार्ज और बिजली शुल्क तीनों शामिल हैं। बिहार सरकार के तरफ से अगले तीन वर्षो में 1.1 किलोवाट सौर संयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जिसमें कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं को सरकार द्वारा पूर्ण वित्तीय सहायता दी जाएगी। कार्यक्रम में सिवान प्रमंडल के विद्युत कार्यपालक अभियंता यशवंत कुमार, महाराजगंज के कार्यपालक अभियंता प्रभात सिंह, एडीओ अमिताभ कुमार, एओ रजनीश मोहन, शहरी सहायक विद्युत अभियंता शिव शंकर सिंह, आईटी मैनेजर पंकज कुमार सिंह, जेई पंकज कुमार, गौतम कुमार, कुंदन कुमार, लाइनमैन सत्यप्रकाश आदि थे।

## तीन जगहों से शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** उत्पाद विभाग टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर नगर थाना क्षेत्र के दो स्थान व एक मैरवा से शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। जबकि एक तस्कर फरार होने में सफल रहा। मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक कुमार ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना के आधार पर पहली छापेमारी नगर थाना क्षेत्र के नवलपुर ढाला के समीप की गई। जहां से अवर निरीक्षक अमित कुमार ने 153.000 लीटर शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र के लवाकला निवासी संजीव कुमार और सोनू कुमार है। बताया कि दूसरी छापेमारी नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन के समीप की गई। जहां सअनि विकेश कुमार राय ने 181.440 लीटर शराब एक बोलेरो से बरामद की। गिरफ्तार मैरवा थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव निवासी सह चालक रवि रंजन पटेल है। जबकि अभय कुमार यादव मौके से फरार हो गया। बताया कि तीसरी छापेमारी मैरवा थाना क्षेत्र के धरनीछापर के पास की गई। सहायक अवर निरीक्षक कृष्णा पासवान ने यूपी-बिहार सीमा पर स्थित धरनी छापर चेकपोस्ट बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब से समस्तीपुर जा रही 60 लाख रुपये कीमत की शराब को जब्त किया । यह शराब रुई की गांठों में छिपाकर तस्करी को जा रही थी लेकिन स्कैनिंग मशीन की मदद से इस तस्करी के खेल को नाकाम कर दिया गया। ट्रक से कुल 759 कार्टन (6777.720) लीटर शराब बरामद की गई है। इस मामले में चालक को गिरफ्तार करते हुए ट्रक को जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। गितफ्तार चालक समस्तीपुर जिले के सराय रंजन थाना क्षेत्र के मनिका बुजुर्ग गांव निवासी विजय कुमार महतो हैं। यह कार्रवाई मंगलवार अहले सुबह तीन बजे की थी।

## शिक्षकों ने समस्या व संगठन पर किया विचार विमर्श

**महाराजगंज (सिवान)।** शहर के रामापाली स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में मंगलवार को बच्चों की शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु उसके अंतःकरण सोच को विकसित करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता सेंट जोसफ स्कूल के निदेशक सीओ पुनुस ने की। इस दौरान सीबीएसई द्वारा संचालित समसामयिकी विषय एसटीएमई (विज्ञान, औद्योगिकी, इंजीनियरिंग तथा गणित) पर विचार विमर्श किया गया। इस कार्यशाला में सिवान जिले के 22 विद्यालयों के दो-दो विज्ञान शिक्षकों ने इस विषय पर अपना-अपना व्याख्यान दिया। इन शिक्षकों के व्याख्यान को अतिथियों द्वारा परीक्षण किया गया। कार्यशाला में डीएवी पब्लिक स्कूल सिवान के प्रधानाचार्य सह डीटीसी शांति सिंह ने कहा कि शिक्षक की हित किसी भी संगठन की सिद्ध प्राथमिकता होनी चाहिए। तभी शिक्षा, संगठन, शिक्षक और शिक्षार्थी का भला होगा। यदि किसी भी संगठन के नेतृत्व या पदाधिकारी की ओर से कोई सराहनीय पहल की जाए तो उसका स्वागत किया जाना चाहिए। कार्यक्रम को गंगा सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डा. प्रमोद रंजन सिंह, जेपी विश्वविद्यालय के प्रो. डा. पीएस ओझा, सेंट जोसफ स्कूल के प्रधानाचार्य डा. पुष्कर गिरि आदि ने संबोधित किया। कार्यशाला के अंत में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार के रूप में सेंट जोसेफ हाई स्कूल के दो शिक्षक खुशबू कुमारी एवं मैजनुद्दीन सिद्दकी को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत के लिए चयन किया।

## उत्कृष्ट कार्य करने को ले प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को डीएम ने किया सम्मानित

**आंदर (सिवान)।** विकास को अत्यधिक समावेशी बनाने एवं स्थानीय स्तर पर पहुंचाने के लिए नीति आयोग भारत सरकार ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तर्ज पर आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की शुरुआत की थी। इसमें बिहार के 27 जिलों में कुल 61 प्रखंडों को चिह्नित किया गया था। इस कार्यक्रम के तहत आंदर प्रखंड का भी चयन किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पिछले क्षेत्र में तेजी से विकास करना,सरकारी योजनाओं को ग्रामीणों के पास लाभ पहुंचाना समेत आदि शामिल है। इसी कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग में उत्कृष्ट कार्य करनेवाले आंदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. दीपक कुमार को डीएम डा. आदित्य प्रकाश द्वारा मेडल एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने के बाद स्वास्थ्य प्रबंधक अरविंद राय, प्रीतम कुमार, बीसीएम मधुरेंद्र कुमार, गुड्डू कुमार सिंह, सतीस कुमार आदि ने बधाई दी है।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दिए गए कई निर्देश

**सिवान।** चेहल्लुम, जन्माष्टमी एवं महावीरी झंडा मेला पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने शांति समिति के सदस्यों से सुझाव लिए। साथ ही पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिलेभर में चेहल्लुम, जन्माष्टमी एवं महावीरी झंडा मेला पर्व को आपसी भाईचारगी एवं शांतिपूर्ण माहौल में मनाने हेतु सभी प्रशासनिक तैयारियां की जा रही हैं। पर्व के अवसर पर सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही पर्व के अवसर पर बिजली व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, सभी अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्था, अग्निशमन दस्ता, नियंत्रण कक्ष आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। बताया कि शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी हेतु ड्राप गेट/नाका पर रोको टोको अभियान चलाकर लगातार चौकसी बरती जाएगी। साथ ही उपद्रवियों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ड्रोन कैमरा, वीडियोग्राफी, सीसी कैमरे से चप्पे-चप्पे पर निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आगामी पर्व के अवसर पर जिले भर में विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। जिला शांति समिति के सदस्यों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की छोटी से छोटी घटनाओं की सूचना तुरंत अपने नजदीकी थाना तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।